Therefore, in this case neither the Vice-Chancelloer nor any other authority sent for the police to enter into the campus. So, the police had to wait outside. This is the position.

As regards the other point which the hon. Member has raised, I fully agree with this that we must try to keep all affairs of the universities out of party politics. Our Prime Minister has also stated this in clear terms that, because of the involvement of party politics in these matters, we find that there is some deterioration in the situation. But, Sir, I do not agree with the hon. Member that the situation to-day is worse than what it was before.

---

12.49 hrs.

ESTIMATES COMMITTEE

THIRTEENTH AND FOURTEENTH REPORTS AND MINUTES.

**श्रीमती मृणाल गोरे** (बम्बई उत्तर): मैं प्राक्कलन समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन और कार्यवाही-सारांश प्रस्तुत करती हूं :—

(1) उद्योग-मंत्रालय—हथकरघा तथा विद्युत्-चालित करघा उद्योग—भाग 1—हथकरघा उद्योग पर तेरहवां प्रतिवेदन ।

(2) उद्योग मंत्रालय—हथकरघा तथा विद्युत्-चालित करघा उद्योग—भाग 2—विद्युत्-चालित करघा उद्योग पर चौदहवां प्रतिवेदन ।

(3) उपर्युक्त प्रतिवेदनों से सम्बन्धित समिति की बैठकों के कार्यवाही-सारांश ।

---

12.50 hrs.

MATTER UNDER RULE 377

(i) NEED TO CONSTRUCT BRIDGES AND DAMES IN PRATAPGARH, U.P.

**श्री रूपनाथ सिंह यादव** (प्रतापगढ़) : अध्यक्ष महोदय, मैं नियम 377 के अन्तर्गत एक अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर आपका तथा सरकार का ध्यान खींचना चाहता हूं । प्रतापगढ़ जिले में कई नदियों और नालों के होने के कारण वर्षा की बाढ़ से वहां के किसानों की जमीन हर साल बर्बाद हुआ करती है । जिले की बकुलाही नदी, दुआर नदी, सही नदी तथा डीहा नाला, रजास नाला में पुल तथा बांध के निर्माण को राष्ट्रीय बाढ़ योजना और छठी योजना के अन्तर्गत शामिल न करने से भयंकर क्षोभ एवं असंतोष लाखों किसानों में व्याप्त है । इस जनपद में 30 वर्षों से कोई विकास कार्य नहीं हुआ । यह अत्यधिक पिछड़ा क्षेत्र है । इस के विकास के लिए यह सुझाव है कि परियावा सवाना मार्ग, बकुलाई नदी पर पुल, सई नदी पर रानी गंज पट्टी मार्ग पर नदियों की बाढ़, को रोकने हेतु बांध और पुलों के निर्माण राष्ट्रीय हित में अति आवश्यक है । छठी पंचवर्षीय योजना में उपरोक्त मदों को शामिल करना चाहिए ताकि प्रतापगढ़ जिले का विकास हो सके और किसानों की भूमि क्षतिग्रस्त होने से बचाई जा सके ।

मान्यवर, वहां पर बेरोजगारी और बेकारी है । अगर पुलों और बांधों का निर्माण नहीं हुआ तो वहां बेकारी और बढ़ेगी । उस क्षेत्र में असन्तोष फैलेगा । एक ट्रैक्टर उद्योग स्थापित करने का भी वायदा किया गया था जो कि पूरा नहीं हुआ । जिले में टेक्सटाइल इंडस्ट्री भी जल्दी से जल्दी लगनी चाहिए । उद्योग मंत्री जी सदन में बैठे हुए हैं । वे इस ओर ध्यान दे कर इस कार्य को शीघ्र पूरा करायें ।

पुलों और बांधों के अभाव में हजारों एकड़ जमीन बर्बाद होती है । यह एक राष्ट्रीय समस्या है । इस ओर सिंचाई मंत्री जी का ध्यान जाना चाहिए । मैं आपके माध्यम से सिंचाई मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि वे तत्काल इस बाढ़ की राष्ट्रीय समस्या को हल करने के लिए जिले का सर्वेक्षण करायें और वहां नदियों और नालों